रूपेन्द्र तोषनीवाल बनाम अध्यक्ष नगर विकास न्यास भीलवाड़ा

अपील यूआईटी / 83 / 2021

| तारीख हुक्म | हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज<br>2021 / 00083<br>अभि. अपी– श्री मूलचन्द शर्मा | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 17.06.2021 | पत्रावली अपीलार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत अपील विड्रो प्रार्थना पत्र के आधार पर आज पेश हुई। पत्रावली में रेकार्ड एवं प्रत्यर्थीगण की तलबी हेतु नियत दिनांक 21.06.2021 है। रेकार्ड एवं प्रत्यर्थीगण की तलबी होना शेष है। अपीलार्थी अधिवकता को अपील विड्रो प्रार्थना पत्र पर सुना गया। बहस प्रार्थना पत्र के दौरान उनके द्वारा कमोवेश प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को ही दोहराते हुये निवेदन किया गया कि प्रस्तुत अपील डाक से प्रस्तुत की गई थी जिसमें सभी सारभूत तथ्य समावेश नहीं किये गये है जो एक सद्भाविक त्रुटि है। अतएव अपीलार्थी इस अपील को विड्रा करना चाहता है। अन्त में उनके द्वारा न्याय हित में अपील को विड्रो करने तथा नये सिरे से अपील प्रस्तुत करने की अनुमति चाही गई।<br>बहस पर मनन किया गया। अपीलार्थी के अपील मीमों, विड्रों प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली पर उपलब्ध रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया गया। दौराने बहस अपीलार्थी अधिवक्ता का कथन है कि यह अपील डाक से प्रेषित की गई थी जिसमें सभी सारभूत तथ्यों का समावेश त्रुटिवश नहीं किया गया जो कि एक सद्भाविक त्रुटिवश हुआ है। चूकि अपीलार्थी स्वयं ही अपील को विड्रो करना चाहता है तथा इसके उपरान्त नये सिरे से अपील प्रस्तुत करने की अनुमति भी चाहता है। प्रस्तुत अपील को विड्रो करने एवं न्याय हित में अपीलार्थी को नये सिरे से अपील प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।<br>(डॉ. वीना प्रधान)<br>संभागीय आयुक्त,<br>अजमेर | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Veena Pradhan
Date: 2021.06.29 17:43:33 IST
Reason: SelfAttested